सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-118
11/03/2018

समस्तीपुर में ट्रक और ऑटो की टक्कर में आठ लोगों की मौत पर मुख्यमंत्री मर्माहत, पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की,

- प्रत्येक मृतक के परिवार को चार–चार लाख रूपये का अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश

पटना, 11 मार्च 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने समस्तीपुर जिले के मुसरीघरारी थाना क्षेत्र अन्तर्गत ट्रक और ऑटो की टक्कर में आठ लोगों की हुई मौत पर गहरी दुख एवं संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह घटना काफी दुखद है। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

मुख्यमंत्री ने इस हादसे में मृतकों के परिजनों को 4–4 लाख रूपये अनुग्रह अनुदान अविलंब देने का निर्देश दिया है।

मुख्यमंत्री ने इस हादसे में घायल हुये लोगों के समुचित इलाज का भी निर्देश दिया है और घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।

****